**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 20 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

उप-राष्ट्रपति के चुनाव के लिए, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन ने आज संसद भवन में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, किरेन रिजिजू और एनडीए के सहयोगी दलों के नेता, जिनमें लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के चिराग पासवान, जनता दल (यू) के राजीव रंजन सिंह, एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल उके साथ रहे।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले, सी पी राधाकृष्णन ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की, जहां भारत के प्रमुख नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष नमन किया और फिर अन्य प्रसिद्ध हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज नामांकन से पहले कल एनडीए संसदीय दल की नई दिल्ली में बैठक हुई प्रधानमंत्री मोदी ने सभी दलों के सांसदों से श्री राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया -

उपराष्ट्रपति चुनाव अगले महीने की 9 तारीख को होगा।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।हरियाणा में भी आज पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गये। भारत रत्नएवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष वेदप्रकाश विद्रोही ने अपने कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार ने भिवानी के मनीषा संदिग्ध हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग स्वीकार कर ली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि परिवार की माँग के आधार पर हरियाणा सरकार निष्पक्ष जांच के लिए इस मामले को CBI को सौंपने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि भिवानी की बेटी मनीषा और उनके परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार तथा पुलिस प्रशासन पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहे हैं। मैं स्वयं लगातार इस मामले की रिपोर्ट ले रहा रहा हूँ।

उधर भिवानी से मिली जानकारी के अनुसार मनीषा का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। परिवार की मांग पर अब उसकी मृतक देह को एम्स में तीसरी बार पोस्टमार्टम के लिए भेज जा रहा है। मृतक के पिता व धरण समिति के सदस्यों ने पहले अंतिम संस्कार की बात मान ली थी वहीं उसके दादा रामकिशन ने अंतिम संस्कार से मन कर दिया और

कहा कि मनीषा के शव का पोस्टमार्टम ऐम्स के डॉक्टरों से करवाया जाए और सी बी आई जांच कारवाई जाए।

*****************************************************************************

हरियाणा पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने राज्यभर में की गई जांच में ऐसी 91 बैंक शाखाओं की पहचान की है जहाँ पर साइबर अपराधियों के 'म्यूल अकाउंट्स' चलाए जाने का संदेह है।

पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार इन खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी के लेन-देन हो रहे हैं। इनमें से सबसे अधिक 26 बैंक शाखाएं गुरुग्राम तथा 24 बैंक शाखाएं जिला नूह की हैं। इन शाखाओं को चिन्हित करने के बाद पुलिस ने चरणबद्ध तरीके से सत्यापन, निरीक्षण और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि साइबर अपराध शाखा की ओर से गठित विशेष टीमें इन शाखाओं के रिकॉर्ड की गहनता से पड़ताल कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं बैंक कर्मचारियों की लापरवाही या जानबूझकर मिलीभगत से साइबर अपराधियों को मदद तो नहीं मिल रही।

टीम द्वारा KYC मानकों की अनदेखी, खाता खोलने में प्रक्रियागत खामियां, बैंक कर्मचारियों की भूमिका और किसी भी तरह की लापरवाही की जांच की जा रही है। इस अभियान की निरंतरता में आज पुलिस की टीमों ने करनाल और यमुनानगर जिले की संदिग्ध बैंक शाखाओं पर छापेमारी की। छापों के दौरान बैंक रिकॉर्ड खंगाले गए और संदिग्ध खातों की जांच की गई।

यमुनानगर में अब तक की गई जांच में एक Current bank खाता सामने आया जिसमें पाया गया कि जिस फर्म के नाम पर यह अकाउंट खोला गया है वह मार्च 2025 में बंद हो चुकी है जबकि उस खाता में उसके बाद भी 43 लाख रुपये का लेन देन किया गया है जिसके खिलाफ देश भर में आठ शिकायतें दर्ज हैं। ऐसे ही एक Current bank Account फर्जी पते पर खोला गया है जिसमें तीन माह में दो करोड़ का लेनदेन किया गया है जिसके खिलाफ 33 शिकायतें देश भर में दर्ज हैं। इस संबंध में खाता धारकों और संबंधित बैंक कर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है

*****************************************************************************

आज से देशभर में उन्नत डाक तकनीक का दूसरा चरण शुरु हो रहा है। इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस स्वदेशी तकनीक का विकास डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र ने किया है। यह तकनीक मेघराज टू प्वाइंट जीरो क्लाउड पर काम करती है।इस तकनीक से अब लोगों को क्यूआर कोड से भुगतान करने, ओटीपी से डिलीवरी लेने और सटीकता बढ़ाने के लिए दस अंकों वाले डिजिपिन का उपयोग करने की सुविधा मिलेगी।

*****************************************************************************